CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 27 अंक- 287 रायपुर, सोमवार 11 नवम्बर 2024 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## यात्रियों को अब बसों की लोकेशन का मिलेगा लाइव अपडेट, सफर होगा और भी आसान

### सरकार 'सीजी बस लोकेशन ऐप' लॉन्च करने की तैयारी में



**रायपुर,** 11 नवंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ सरकार ने यात्रियों की सहूलियत और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 'सीजी बस लोकेशन ऐप' लॉन्च करने की तैयारी मे है। इस ऐप की मदद से अब यात्री बसों की लाइव लोकेशन जान सकेंगे, जिससे यात्रा की प्लानिंग करना आसान हो जाएगा। इसके साथ ही अवैध वसूली और बसों के अनाधिकृत संचालन पर भी लगाम लगेगी, जिससे परिवहन प्रणाली और सुरक्षित व पारदर्शी बनेगी।इसमें राज्य के भीतर और दूसरे प्रदेशों के बीच चलने वाली अंतरराज्यीय बसों का ब्योरा फीड किया जाएगा। इंटरनेट युक्त एंड्राएड फोन पर इसे डाउनलोड करने कोई भी बसों की लोकेशन, टाइमिंग और किराए सहित अन्य जानकारियों को देख सकेंगे. यह ऐप बसों में लगे वीकल लोकेशन ट्रेकिंग डिवाइस (वीएलटीडी) से कनेक्ट होने पर ऑनलाइन जानकारी मिलेगी। इसके लिए बस मालिकों से जानकारियां मांगी गई हैं। साथ ही इसे ऐप में लोड किया जा रहा है। इससे लोगों को अनावश्यक बस स्टैंड और सड़कों के किनारे खड़े होकर बसों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

परिवहन विभाग के अधिकारी ऐप के नामकरण की तैयारी में जुटे हुए हैं। बताया जाता है कि बस सुविधा, छत्तीसगढ़ बस सेवा सहित दो अन्य नाम पर विचार किया जा रहा है। वहीं, विभागीय अधिकारियों और बस मालिकों से सुझाव भी मांगे हैं। इसे अंतिम रूप देने के बाद सीएम की अनुमति मिलते ही अधिकृत रुप से घोषणा की जाएगी। बता दें कि राज्य सरकार के निर्देश पर स्कूल और यात्री बसों में जीसीएस और पैनिक बटन को अनिवार्य किया गया है। इस डिवाइस के बिना फिटनेस जांच नहीं करने कहा गया है।

## आदिवासी कन्या आश्रम में 9 साल की मासूम की मौत




### बच्चों की देखभाल और सुरक्षा पर उठे सवाल

**सूरजपुर,** 11 नवंबर (हाईवे चैनल)। सूरजपुर जिले के डेडरी स्थित आदिवासी कन्या आश्रम में एक दुखद घटना सामने आई है, जहां एक नौ वर्षीय छात्रा की मौत हो गई. छात्रा कक्षा दूसरी की छात्रा थी, जो पिछले दो सालों से आश्रम में रहकर पढ़ाई कर रही थी. बुधवार से उसकी तबीयत बिगड़ी, जिसकी जानकारी उसने वॉर्डन को दी. देखभाल और सही उपचार के अभाव में बच्ची की मौत के बाद आश्रम में रहने वाले बच्चों की देखभाल और सुरक्षा को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, छात्रा सुरता गांव के मनोज सिंह की बेटी थी. उसने बुधवार को वार्डन से गाल में दर्द होने की शिकायत की थी, जिसके बाद वार्डन ने उसकी गाल पर पट्टी चिपकाई. इसके बाद छात्रा स्कूल गई, लेकिन स्कूल से लौटने के बाद उसने खाना-पीना नहीं किया. अगले दिन सुबह जब बच्ची नहीं उठी, तो उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और मर्ग कायम कर मासूम के शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है. पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही छात्रा की मौत के कारणों का स्पष्ट रूप से पता चल सकेगा. पुलिस ने इस मामले की गंभीरता से जांच करने का आश्वासन दिया है.

## भीषण सड़क हादसा : 2 ट्रकों में आमने-सामने की भिड़ंत, वाहनों के उड़े परखच्चे



### बाल-बाल बचे ड्राइवर

**कोंडागांव,** 11 नवंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले के एनएच 30 पर सिंगनपुर के पास भीषण सड़क हादसा हो गया. हाईवे पर 2 ट्रकों के बीच भीषण टक्कर हो गई. दोनों ट्रकों की भिड़ंत इतनी खतरनाक थी कि दोनों ट्रकों के सामने के हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए. सूचना मिलने पर केशकाल पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और ट्रक में बुरी तरह घायल स्थिति में फंसे ड्राईवर को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया और तत्काल अस्पताल भेजा गया. वहीं दूसरा ट्रक ड्राईवर सुरक्षित बताय जा रहा है.

जानकारी के अनुसार, एक ट्रक जगदलपुर से रायपुर ईमली भरकर केशकाल थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगनपुर स्थित मेमन फ्यूल्स के पास जा रहा था. इस दौरान दूसरी ट्रक भी तेज रफ्तार से आकर ट्रक में जा भिड़ी. इस घटना में एक एक ट्रक का ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हालत में ट्रक के अंदर करीब डेढ़ घंटे तक फंसा रहा. ड्राइवर के दोनों पैर बुरी तरह कुचल गए. घायल ड्राईवर को तत्काल केशकाल अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे कांकेर अस्पताल रिफर कर दिया है. वहीं, दूसरे ट्रक का चालक सुरक्षित बताया गया है. फिलहाल पुलिस, फायर ब्रिगेड और क्रेन की मदद से ट्रकों को हटाकर मामले की जांच में जुट गई है.

## ब्रेकिंग न्यूज

### बिजली बिल माफ करवा दूंगा, झांसे में लेकर जेई ने महिला का दुष्कर्म

**नई दिल्ली,** 11 नवम्बर (न्यूज चैनल)। यूपी में बहन-बेटियों की सुरक्षा के लिए भले ही सरकार दावा कर रही हो लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। सिस्टम में बैठे अधिकारी ही महिलाओं से फायदा उठाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। दरअसल, बस्ती जिले में एक महिला ने आरोप लगाया कि उसने बिजली बिल ठीक करवाने के लिए बिजली निगम के जेई से संपर्क किया। जेई ने झांसे में लेकर नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश कर उसके साथ दुष्कर्म किया और इसका वीडियो भी बना लिया। बिजली निगम के एक जूनियर इंजीनियर (जेई) रविंद्र कुमार पर एक महिला ने बिजली बिल कम कराने के बहाने बुलाकर अश्लील हरकत और दुष्कर्म का आरोप लगाया है। महिला की तहरीर पर जेई को खिलाफ थाने में केस दर्ज किया है। मामले का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है। इसे इसी घटना का बताया जा रहा है। युवती की तहरीर पर पुलिस पुरानी बस्ती थाने में केस दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। महिला ने आरोप लगाया कि उसने बिजली बिल ठीक करवाने के लिए बिजली निगम के जेई से संपर्क किया। जेई ने झांसे में लेकर नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश कर उसके साथ दुष्कर्म किया और इसका वीडियो भी बना लिया !!

### फडणवीस के सपने बिखरने वाले हैं, सीएम नहीं बनेंगे : ओवैसी

**नई दिल्ली,** 11 नवम्बर (न्यूज चैनल)। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने देवेन्द्र फडणवीस के वोट जिहाद वाले बयान पर तीखा पलटवार किया है। फडणवीस के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री सीएम नहीं बनेंगे और उनके सपने चकनाचूर हो जाएंगे। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, ओवैसी ने कहा कि अब देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री नहीं बनने जा रहे हैं। उनके सपने बिखरने वाले हैं। वे केवल दिखावे के लिए एकजुट हैं, अंदर से वे केवल एक-दूसरे की टांग खींच रहे हैं, यह मैं जानता




**चूहा-** सुनती हो, योगी का नारा 'बंटेंगे तो कटेंगे' पर एनडीए में विवाद खड़ा हो गयाहै।

**चुहिया-** हां जी, योगी को तो कम से कम हिंसात्मक नारा नहीं देना चाहिए।

## कोई धर्म प्रदूषण बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन नहीं देता : सुप्रीम कोर्ट



### दिल्ली-एनसीआर में खराब आबोहवा को लेकर की सख्त टिप्पणी

**नई दिल्ली,** 11 नवम्बर (न्यूज चैनल)। पटाखों पर प्रतिबंध को लेकर उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली पुलिस को फटकार लगाते हुए कहा कि आपने जो किया वह महज दिखावा है, केवल कच्चा माल जब्त किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने आज पटाखों पर प्रतिबंध को लेकर दिल्ली पुलिस की खिंचाई की और इसे 'आई वॉश' बताया। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि पटाखों पर प्रतिबंध सिर्फ दिवाली पर नहीं बल्कि पूरे साल होना चाहिए। दिल्ली पुलिस ने पटाखों पर प्रतिबंध को गंभीरता से लागू नहीं किया। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस आयुक्त को पटाखों पर प्रतिबंध को अमल में लाने के लिए विशेष प्रकोष्ठ बनाने का निर्देश दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से कहा कि वह हितधारकों से परामर्श के बाद 25 नवंबर से पहले पटाखों पर 'स्थायी' प्रतिबंध लगाने के बारे में निर्णय ले। शीर्ष अदालत ने कहा है कि कोई धर्म प्रदूषण बढ़ाने को प्रोत्साहन नहीं देता है। अगर पटाखे जलाए जाते हैं तो स्वच्छ हवा नहीं रहती, जो अनुच्छेद 21 यानी जीवन के अधिकार का उल्लंघन है। दिल्ली पुलिस कमिश्नर 25 नवंबर तक निजी तौर पर यह हलफनामा दें कि पटाखा प्रतिबंध को लेकर उन्होंने क्या कदम उठाए? अदालत का निर्देश तब आया जब वह दिवाली 2024 के दौरान दिल्ली के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) में हवा की गुणवत्ता और अक्टूबर के अंत और अक्टूबर के पहले सप्ताह में पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने/खेतों में आग लगने की घटनाओं पर सुनवाई कर रही थी।

## प्रज्वल रेवन्ना की याचिका खारिज



सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा चुनावों के दौरान स्पष्ट वीडियो के लीक होने के बाद सामने आए कई महिलाओं के यौन उत्पीड़न से संबंधित मामलों में निलंबित जद (एस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना की जमानत याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश की पीठ चंद्र शर्मा ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी कि उनके खिलाफ आरोप गंभीर हैं। वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने वकील बालाजी श्रीनिवासन के साथ दलील दी कि हालांकि आरोप गंभीर हैं। शिकायत शुरू में आईपीसी की धारा 376 के तहत बलात्कार के आरोप के बारे में बात नहीं करती है।

पीठ ने रेवन्ना के वकील से कहा आप बहुत शक्तिशाली हैं। वकील ने कहा कि आरोप पत्र दायर किया जा चुका है और याचिकाकर्ता, जो एक सांसद था, पहले ही चुनाव हार चुका है। हालाँकि, अदालत याचिका पर विचार करने के लिए इच्छुक नहीं थी। वकील ने अदालत से अनुरोध किया कि याचिकाकर्ता को छह महीने के बाद आवेदन को नवीनीकृत करने की अनुमति दी जाए। पीठ ने कहा कि हम कुछ नहीं कहेंगे। पूर्व प्रधान मंत्री एच डी देवेगौड़ा के पोते रेवन्ना ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के 21 अक्टूबर के आदेश पर हमला किया, जिसमें उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी।

## झारखंड को हमें भ्रष्टाचार, माफियावाद और कुशासन से मुक्त कराना है : मोदी



### 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' संवाद में प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं को दिए टिप्स

**नई दिल्ली,** 11 नवम्बर (न्यूज चैनल)। 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत नमो ऐप के माध्यम से झारखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीधा संवाद किया। नरेंद्र मोदी ने कहा कि चुनाव कोई भी हो, उम्मीदवार कोई भी हो, लेकिन हम इसे भलिभांति जानते हैं कि चुनाव असल में तो आप जैसे लाखों कार्यकर्ता ही लड़ते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी तो पार्टी ही संगठन पर आधारित है, इसलिए हमारे चुनाव लड़ने का तरीका ही संगठन व कार्यकर्ता आधारित ही होता है।

मोदी ने कहा कि सबसे पहले मैं आपको बहुत-बहुत बधाई देता हूं, आपकी मेहनत ने विपक्षी दल जेएमएम, कांग्रेस, आरजेडी की नींद उड़ा दी है। झारखंड को हमें इनके भ्रष्टाचार, माफियावाद, कुशासन से मुक्त कराना है। उन्होंने कहा कि झारखंड वन व खनिज संपदा से भरपूर क्षेत्र है। कभी-कभी तो मैं कहता हूं कि झारखंड समृद्ध राज्य है, लेकिन झारखंड के लोगों को गरीब रखा गया है। समृद्धि होने के बावजूद भी यहां विकास का आभाव और बेरोजगारी चरम पर है। इसका सबसे बड़ा कारण भ्रष्टाचार व झारखंड की अमूल्य प्राकृतिक संपदा की बेतहाशा लूट है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आप जानते हैं कि सबका साथ-सबका विकास के मंत्र में झारखंड का विकास मेरी प्राथमिकता है। हम विकास की कोशिश कर रहे हैं, राज्य सरकार के असहयोग के बावजूद भी हम बहुत कुछ करने का प्रयास करते हैं। लेकिन अब मुझे खास लगता है कि जिस गति से मैं विकास चाहता हूं, जिस गति से मैं झारखंड को आगे ले जाना चाहता हूं, वहां डबल इंजन सरकार की बहुत जरूरत है।

## छत्तीसगढ़ में फिर एक हाथी की मौत, वन विभाग में मचा हड़कंप



**बलरामपुर,** 11 नवंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के मुरका गांव के जंगल में एक हाथी का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है. वन विभाग की टीम ने कल ही इस हाथी को ट्रेस किया था, लेकिन आज उसका शव जंगल में पाया गया. हाथी की मौत का कारण फिलहाल अज्ञात है और वन अमला मौके पर पहुंचकर घटना की जांच में जुट गया है. यह घटना बलरामपुर वन परिक्षेत्र के मानिकपुर सर्किल का है.

बता दें कि बीते 26 अक्टूबर को रायगढ़ जिले के तमनार रेंज में करंट लगने से एक ही परिवार के तीन हाथियों की मौत हो गई थी. इस घटना पर हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया है और मामले में 4 नवंबर को सुनवाई सीएसपीडीसीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर और ऊर्जा विभाग के सचिव से जवाब मांगा था.

## दे दूंगा इस्तीफा...पीएम मोदी के आरोप पर सीएम सिद्धारमैया का चैलेंज



**नई दिल्ली,** 11 नवम्बर (न्यूज चैनल)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने इस आरोप को साबित कर दें कि कांग्रेस ने अपने महाराष्ट्र चुनाव अभियान के लिए कर्नाटक में शराब की दुकानों से 700 करोड़ रुपये जुटाए हैं तो वह राजनीति छोड़ देंगे। दावों को राजनीति से प्रेरित बताते हुए खारिज करते हुए सिद्धारमैया ने प्रधानमंत्री को चुनौती दी कि अगर आरोप झूठे साबित हुए तो वह राजनीति से इस्तीफा दे दें। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में आरोप लगाया था कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए राज्य में शराब विक्रेताओं से 700 करोड़ रुपये लूटे हैं।

महाराष्ट्र के अकोला में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा था कि जहां भी कांग्रेस सरकार बनाती है, वह राज्य कांग्रेस के शाही परिवार के लिए एटीएम बन जाता है। इन दिनों हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना उनके एटीएम बन गए हैं। महाराष्ट्र में चुनाव के नाम पर उन्होंने कर्नाटक में शराब विक्रेताओं से 700 करोड़ रुपये लूटे हैं. प्रधानमंत्री ने कहा, आप चुनाव जीतने के बाद लूट की कल्पना कर सकते हैं। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आरोपों का समर्थन किया कि कांग्रेस ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए कर्नाटक में शराब की दुकानों से पैसे इकट्ठा किए। एएनआई से बात करते हुए येदियुरप्पा ने कहा कि कांग्रेस ने पैसे लूटे और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए राशि भेजी। पीएम ने जो कहा वह 100 फीसदी सही है. उन्होंने यहां किसी भी चीज़ की तरह लूटपाट की। उन्होंने वह राशि महाराष्ट्र चुनाव के लिए भेजी है।

CMYK